3 अनपढ़ किसान

आओ पढ़ो (Reading Skill)



एक किसान था। वह पढ़ा-लिखा नहीं था। वह अक्सर लोगों को अखबार और किताबें पढ़ने के लिए चश्मा लगाते देखा करता था। वह सोचता- अगर मेरे पास भी चश्मा होता, तो मैं भी इन लोगों की तरह पढ़ सकता। मुझे भी शहर जाकर अपने लिए चश्मा खरीद लेना चाहिए।

एक दिन वह शहर गया। चश्मे की दुकान में पहुँच कर उसने तरह-तरह के चश्मे देखे। दुकानदार ने उसे पढ़ने के लिए एक पुस्तक भी दी। किसान ने एक-एक कर अनेक चश्मे लगाकर देखे। पर वह कुछ भी नहीं पढ़ सका। उसने दुकानदार से कहा-''इनमें से कोई भी चश्मा मेरे काम का नहीं है।''





दुकानदार ने शंका भरी नज़र से किसान को देखा। फिर उसकी नज़र किताब पर पड़ी। किसान ने किताब उलटी पकड़ रखी थी।

दुकानदार ने कहा– ''शायद तुम्हें पढ़ना नहीं आता।'' किसान ने कहा– ''हाँ मुझे पढ़ना नहीं आता। इसीलिए तो मैं चश्मा खरीद रहा हूँ, ताकि दूसरों की तरह मैं भी पढ़ सकूँ। पर इनमें से किसी भी चश्मे से मैं पढ़ नहीं पा रहा हूँ।''

दुकानदार ने किसान को समझाते हुए कहा– ''मेरे दोस्त तुम बहुत भोले हो। सिर्फ़ चश्मा लगा लेने से पढ़ना–लिखना नहीं आता। चश्मा लगाने से सिर्फ़ साफ़–साफ़ दिखाई देता है। पहले तुम पढ़ना–लिखना तो सीखो। फिर तुम्हें बिना चश्मे के भी पढ़ना आ जाएगा।

कुछ संकेत
पाठ को कक्षा में पढ़ाते समय बच्चों को समझाइए कि पढ़ाई–लिखाई हमारे जीवन के लिए बहुत ज़रूरी है। अज्ञानता अंधेपन के समान होती है।

सुनो और बोलो (Listening and Speaking Skill)

शब्द-अर्थ

अक्सर	-	कई बार
पुस्तक	-	किताब
अनेक	-	बहुत सारे
शंका	-	शक

अब तक क्या सीखा (Learning and Writing Skill)

1. प्रश्नों के उत्तर दो-

(क) किसान क्या करना चाहता था?

(ख) किसान क्या खरीदने के लिए शहर गया?

(ग) किसान किसी भी चश्मे से क्यों नहीं पढ़ सका?

(घ) दुकानदार ने किसान को क्या समझाया?

2. किसने, किससे कहा-

(क) "इनमें से कोई भी चश्मा मेरे काम का नहीं है।"

(ख) "शायद तुम्हें पढ़ना नहीं आता।"

(ग) "सिर्फ़ चश्मा लगा लेने से पढ़ना-लिखना नहीं आता।"

3. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो-

चश्मा	उलटी	दुकानदार	शहर

(क) एक दिन किसान .... गया।

(ख) किसान ने किताब .... पकड़ रखी थी।

(ग) .... ने शंका भरी नज़र से किसान को देखा।

(घ) .... लगा लेने से पढ़ना-लिखना नहीं आता।

4. सही उत्तर पर (✓) लगाओ-

(क) किसान कैसा था?

अनपढ़ ☐ पढ़ा लिखा ☐

(ख) किसान शहर में कौन सी दुकान पर गया?

कपड़े की ☐ चश्मे की ☐

(ग) किसान ने क्या उलटी पकड़ी थी?

किताब ☐ छतरी ☐

भाषा-ज्ञानी बनो (Language Skill)

1. एक शब्द में उत्तर दो-

(i)	खेत जोतने वाला	....किसान....
(ii)	जो पढ़ना-लिखना नहीं जानता	....
(iii)	जिसे लगाकर साफ़-साफ़ दिखाई दे	....
(iv)	जिसमें शब्दों का भंडार हो	....
(v)	बहुत सारे	....

2. इनका एक और नाम लिखो-

समाचार पत्र – ....अखबार....

पुस्तक – ....

कृषक – ....

मित्र – ....

3. पढ़ो और लिखो-

'ु' के साथ

पुराना ....दुकान.... ....

'े' के साथ

बेर ....

करके देखो (Creative Skill)

- बातचीत करो कि पढ़ाई-लिखाई का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है।
- चश्मे का चित्र बनाओ और उसमें रंग भरो।